प्रभात खबर \ कैंपस

भागलपुर, शनिवार, 28 फरवरी, 2015

www.prabhatkhabar.com

टीएमबीयू के साथ बीएसआइ मिल कर करेगा काम

भागलपुर. टीएनबी कॉलेज के बॉटनी विभाग में शुक्रवार को आठ दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन हुआ. कार्यशाला का आयोजन पौधा वर्गीकरण में क्षमता निर्माण का प्रशिक्षण पाठ्यक्रम विषय पर किया गया था. भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण की ओर से विश्वविद्यालय के साथ पारस्परिक शोध के आदान-प्रदान के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर के लिए कुलपति को प्रस्ताव सौंपा गया.समापन समारोह में कुलपति प्रो रमा शंकर दुबे व प्रतिकुलपति प्रो एके राय ने शिरकत की. चार दशक से अधिक वनस्पति विज्ञान के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने के लिए स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ एसके वर्मा व टीएनबी कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष डॉ अवध किशोर को प्रशस्ति चिह्न प्रदान किया गया. भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, कोलकाता की ओर से कार्यशाला के आयोजन के लिए आयोजन सचिव डॉ हीरेंद्र कुमार चौरसिया को प्रशस्ति चिह्न दिया गया. वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ पी नरसिम्हन को सम्मानित किया गया.